दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# खाकी के दाग

डेढ़ दशक पहले एक परिवार का उत्पीड़न करके उसे आत्महत्या के लिये मजबूर करने के आरोप में पुलिस के एक पूर्व डीआईजी व डीएसपी समेत पांच लोगों को सजा सुनाई गई है। दुखद है कि जिस पुलिस को नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, वही लोगों की जान लेने का कारण बन रही है। मामले में रिपोर्ट दर्ज करने में देरी और जन दबाव के बाद अदालत के जरिये कार्रवाई होने के बाद न्याय मिलने में डेढ़ दशक का समय लगा। विडंबना यह है कि पूर्व डीआईजी को महज आठ साल की और सेवारत डीएसपी, जो घटना के समय पुलिस निरीक्षक थे, को चार साल की सजा मिली है। तमाम यंत्रणाओं के चलते एक हंसता-खेलता परिवार खत्म हो जाये और सिर्फ आठ-चार साल की सजा उस पर महज दस-बीस हजार का जुर्माना दरअसल, ऐसे मामलों में त्वरित अदालतों के जरिये उत्पीड़न के मामले में तुरंत सुनवाई के साथ सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए। नि:संदेह पुलिस के निरंकुश व्यवहार पर नियंत्रण के लिये नियामक तंत्र वक्त की जरूरत है। शहरों में तो नागरिकों की जागरूकता और मानवाधिकार संगठनों की सि यता के चलते पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ स्वर मुखर हो जाते हैं, ग्रामीण इलाकों में पुलिस की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाने का साहस कम ही लोग कर पाते हैं। फिर राजनीतिक आकाओं के संरक्षण के चलते पुलिस की मनमानी बदस्तूर जारी रहती है। विडंबना ही है कि आजादी के सात दशक के बावजूद पुलिस जनता की मित्र नहीं बन पायी। एक सभ्य आदमी आज भी थाने जाने में कतराता है कि कहीं थाने जाने पर लेने के देने न पड़ जायें। कहीं न कहीं पुलिस का वह औपनिवेशक चेहरा नहीं बदला है जो तब राष्ट्रीय आंदोलनकारियों को डरा-धमका कर ब्रिटिश सत्ता को अक्षुण्ण बनाने के लिये बना था।

पुलिस के निरंकुश व्यवहार के अलावा विभाग के निचले दर्जे के अधिकारियों की अपराधियों व नशा तस्करों से सांठ-गांठके किस्से भी सामने आते रहे हैं। हाल ही में नशा तस्करों से मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ने वाले पंजाब पुलिस के एक निरीक्षक को पकड़ा गया है। उससे नशे का सामान भी बरामद हुआ। यह घटना म जहां नैतिक पराभव की ओर इशारा करता है, वहीं विभाग की ऐसी काली भेड़ों के खिलाफ सख्ती की जरूरत को भी बताता है। इससे पहले भी नशे के कारोबार में संलिप्तता के कई मामले पंजाब में सामने आए हैं। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में एक डीएसपी द्वारा खतरनाक हथियारों से लैस आतंकवादियों का बचाव करने के मामले ने पूरे देश को चौंकाया। नि:संदेह आतंकवादी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, ऐसे में उन्हें संरक्षण देना राष्ट्र के प्रति अक्षम्यअपराध ही कहा जायेगा। कैसी विडंबना है कि जिन पर नागरिक सुरक्षा का जिम्मा है, जिसके लिये उन्हें तमाम सम्मान, वेतन-भत्ते और सुविधाएं मिलती हैं।

# भारत में संभावनायें तलाशने आ रही है 100 से अधिक कंपनियों का दल



नईदिल्ली (आरएनएस)। विश्व में तेज गति से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक और निवेश संबंधी संधियों को सुदृढ़ करने और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में तेजी लाने के उद्देश्य से 100 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों का दल पांच दिवसीय दौरे पर 24 फरवरी को भारत आ रहा हैं।

ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री साइमन बर्मिंघम की अगुवाई में आ रहे इस प्रतिनिधिमंडल में शिक्षा, पर्यटन, ऊर्जा और संसाधनों तथा खाद्य और कृषि आधारित व्यापार जैसे प्राथमिकता के क्षेत्रों की ऑस्ट्रेलियाई कंपनियां शामिल है। यह शिष्टमंडल 24 से 28 फरवरी के बीच दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई का दौरा करेगा। यह दौरा ऑस्ट्रेलिया-इंडिया बिज़नस एक्सचेंज , जो दोनों देश के बीच व्यापार, निवेश और पर्यटन कारोबार की आयोजनों का बहुमासिक कार्यक्रम है, का हिस्सा है।

भारत ऑस्ट्रेलिया का आठवाँ सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी और पाँचवाँ सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है जिसके साथ 2018-19 में 30.3 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मूल्य के बराबर वस्तु और सेवाओं का परस्पर व्यापार हुआ। श्री बर्मिंघम अपने दौरे के दौरान 16वें मंत्री स्तरीय आयोग की बैठक में भारत के वाणिज्य मंत्री सहित कई मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

अपने इस दौरे के बारे में श्री बर्मिंघम ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के साथ इस दौरे का उद्देश्य शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, संसाधन, मूलभूत सुविधाओं तथा खाद्यान्न, शराब और सौंदर्य के उत्कृष्ट उत्पादों पर फोकस के साथ ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के लिए नए अवसर तलाशना है। उन्होंने कहा कि अगले 20 वर्षों तक भारत के विकास में ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलाव आ रहा है। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। इस स्थिति में विभिन्न निर्यात क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के लिए भारी संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत का आकांक्षी मध्य वर्ग भी तेजी से बढ़ रहा है, जिसकी संख्या ऑस्ट्रेलिया की आबादी से 12 गुना अधिक है। अब समय आ गया है कि ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों को यहां लाया जाए ताकि वे भारतीय कंपनियों, सप्लाई चेन और निवेश सहयोगियों के साथ दीर्घकालीन सम्बन्ध विकसित कर सकें।

# लॉटरी पर एक मार्च से लगेगा 28 फीसद जीएसटी




नईदिल्ली (आरएनएस)। लॉटरी बिजनेस को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके अनुसार लॉटरी पर एक मार्च से 28 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) चुकाना होगा। इस संबंधी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। राजस्व विभाग ने अधिसूचना में कहा, यह अधिसूचना एक मार्च 2020 से अमल में आ जाएगी।

बता दें कि जीएसटी परिषद ने पिछले साल दिसंबर में राज्य सरकारों द्वारा चलाये जा रहे तथा मान्यता प्राप्त लॉटरी पर 28 फीसदी की एक समान दर से जीएसटी लगाने का निर्णय लिया था। राजस्व विभाग ने लॉटरी की आपूर्ति पर जीएसटी दर की अधिसूचना जारी की और पहले की केंद्रीय कर (दर) अधिसूचना में संशोधन किया। इसके अनुसार, लॉटरी की आपूर्ति पर केंद्रीय कर की दर 14 प्रतिशत हो गई है और राज्य सरकारें भी समान दर से कर वसूलेंगी। अत: लॉटरी पर लगने वाला कुल जीएसटी 28 प्रतिशत हो गया है। अभी राज्यों द्वारा संचालित लॉटरी पर 12 प्रतिशत और मान्यता प्राप्त लॉटरी पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। ऐसी मांगें उठ रही थीं कि लॉटरी पर एक समान दर से कर लगना चाहिये, जिसके बाद सुझाव देने के लिये मंत्रियों का एक समूह गठित किया गया था। इसके बाद जीएसटी परिषद ने दिसंबर में लॉटरी पर 28 प्रतिशत की दर से एक समान कर लगाने के पक्ष में वोट दिया। जीएसटी काउंसिल की 31वीं बैठक में टैक्सपेयर्स के लिए नया जीएसटी रिटर्न सिस्टम पेश करने पर निर्णय हुआ था। नया सिस्टम एक अप्रैल से लागू होगा. इससे जीएसटी रिटर्न भरने में आसानी होगी।

## ग्राहकी से सोना. चांदी के भाव में मजबूती



इंदौर (आरएनएस)। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में हाजिर भाव मजबूती लिए रहे। बीते सप्ताह में सोना 1550 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी 1375 रुपये का उछाल लिए रही। कारोबार की शुरुआत में सोमवार को सोना 41240 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार को 42790 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 47075 रुपये पर हुई वहीं अंतिम दिन सौदे 48450 रुपये के स्तर हुए। कामकाज में सोना ऊंचे में 42825 नीचे में 41190 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 48475 तथा नीचे 46950 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। विदेशी बाजार में सोना 1643ण50 डॉलर तथा चांदी 18ण49 सेंट प्रति औंस बिकी।

## दिल्ली में फिर 72 रुपये हुआ पेट्रोल, डीजल भी महंगा


नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम में रविवार को लगातार दूसरे दिन वृद्धि हुई जिसके बाद देश की राजधानी दिल्ली में फिर पेट्रोल का भाव 72 रुपये लीटर से ज्यादा हो गया। वहीं, डीजल की कीमत में भी करीब छह सप्ताह में पहली बार इजाफा हुआ है। तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को दिल्ली, कोलकाता पेट्रोल के दाम में सात पैसे जबकि चेन्नई में आठ पैसे प्रति लीटर वृद्धि। डीजल के दाम में सात पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई।

## दूसरी पारी में भी कोहली-पुजारा फेल, बैकफुट पर टीम इंडिया



वेलिंग्टन। कीवीलैंड में पहला टेस्ट मैच खेल रही टीम इंडिया मैच के तीसरे दिन भी दबाव से उबर नहीं पाई है। न्यूजीलैंड की पहली पारी आज 348 रन पर सिमटी, जिसके आधार पर कीवी टीम को 183 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने 4 विकेट गंवाकर 144 रन बना लिए हैं और वह न्यूजीलैंड से अभी भी 39 रन पीछे है। आज दिन का खेल खत्म होने पर उपकप्तान अजिंक्य रहाणे (25) और हनुमा विहारी (15) सुरक्षित क्रीज पर लौटे। मैच के चौथे दिन भारत को इन दोनों बल्लेबाजों से करिश्मे की उम्मीद है। इससे पहले न्यूजीलैंड की पारी को समेटने में इशांत शर्मा की भूमिका अहम रही, जिन्होंने 68 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। मेजबान टीम की ओर से कप्तान केन विलियमसन (89) के अलावा ग्रैंडहोम (43) और अपना पहला टेस्ट खेल रहे काइल जेमिसन (44) ने भी अहम पारियां खेलीं। इशांत के अलावा रविचंद्रन अश्विन ने 3, जबकि शमी और बुमराह के नाम भी एक-एक विकेट रहा।

## सैमसंग गैलेक्सी ए51 : मिड रेंज में आलराउंडर स्मार्टफोन



नईदिल्ली (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया मोबाइल कंपनी सैमसंग ने पिछले साल लॉन्च किए गैलेक्सी ए50 की सफलता के बाद मध्यम रेंज के गैलेक्सी ए51 को भी भारत में पेश किया है। पूरी तरह नई डिजाइन और कैमरा सेटअप में बड़ा बदलाव करते हुए गैलेक्सी ए51 कंपनी की पहचान इनफिनिटी-ओ सुपर अमॉल्ड डिस्प्ले में है।

नया गैलेक्सी ए51 (6 जीबी, 128 जीबी) की कीमत 23,999 रुपये है और यह नीले, सफेद और ब्लैक प्रिज्म रंगों में उपलब्ध है। चैड कैमरा सेटअप, स्क्रीन और दमदार बैटरी जैसे फीचर्स के साथ यह डिवाइस युवाओं के लिए ड्रीम स्मार्टफोन हो सकता है। युवा आम तौर पर किसी भी मिड रेंज स्मार्टफोन में अच्छे कैमरा, दमदार बैटरी और सुलभ गेमिंग देखते हैं और इस स्मार्टफोन में ये सभी खासियत हैं। इसमें पीछे की तरफ आयताकार में कैमरे दिए गए हैं और ए सीरीज में इनफिनिटी-ओ डिस्प्ले वाला यह पहला स्मार्टफोन है। इसमें 48 मेगापिक्सल का मेन कैमरा है और नाइट मोड क्षमता के साथ 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड लेंस और पांच मेगापिक्सल के मेक्रो लेंस हैं, जो यूजर्स को करीब से फोटो लेने की सुविधा प्रदान करते हैं और लाइव फोकस मोड में शॉट्स लेने के लिए पांच मेगापिक्सल का कैमरा है। गैलेक्सी ए51 सीन ऑप्टिमाइजर जैसे फीचर्स से भी लैस है जो 30 विभिन्न स्थानों को पहचान सकता है।

## सानिया मिर्जा की चार साल बाद फेड कप टीम में वापसी



नई दिल्ली। भारत की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा की चार साल के लंबे अंतराल के बाद फेड कप टीम में वापसी हो गई है। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने तीन से सात मार्च तक दुबई में खेले जाने वाले फेड कप एशिया ओसनिया जोन ग्रुप ए टूर्नामेंट के लिए शनिवार को घोषित भारतीय टीम में सानिया को नामित किया है। पूर्व युगल नंबर एक सानिया आखिरी बार 2016 में फेड कप में खेली थी और अक्टूबर 2017 से मातृत्व अवकाश के कारण कोट से बाहर थीं।

## आज का राशिफल

मेष: आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। अकारण पड़ने वाले व्यवधान से लाभ मार्ग प्रभावित होगा।

वृषभ: कुछ आर्थिक और पारिवारिक संकोच अभी दबाव में रखेंगे।

मिथुन: पारिवारिक विषमताएं सिर उठा सकती हैं। मान सम्मान भी बढ़ेंगे और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी।

कर्क: परिश्रम के बाद वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

सिंह: सहज ही सभी काम समय पर बनते नज़र आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा।

कन्या: उत्सव और त्योहार में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे। अच्छे भोजन से स्वास्थ्य में वृद्धि होगी।

तुला: कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझते चले जाएंगे।

वृश्चिक: दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों का निष्पादन होगा और लाभदायक उप मों का संचालन भी होगा।

धनु: वाहन और आवास संबंधी समस्याएं सिर उठा सकती हैं। शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा।

मकर: परा म भाव और पुरुषार्थ की योजनाएं बनेंगी और मित्रों का सहयोग बना रहेगा। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा।

कुंभ: किसी पर व्यर्थ के संदेह और तर्क वितर्क में समय और धन की हानि होगी।

मीन: लाभकारी समय है, युक्ति और व्यवहार से सब कुछ पा सकते हैं। जटिलताएं खत्म होंगी और विरोधी भी परास्त होंगे। खानपान में परहेज करना ही युक्ति संगत है। अन्यथा अपच अजीर्ण का प्रभाव रहेगा।

## दिसंबर में रणबीर कपूर से शादी पहली बार बोलीं आलिया भट्



पिछले काफी समय से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के अफेयर की चर्चा हर तरफ है। अब कुछ समय से इनकी शादी की अटकलें लगाई जा रही हैं। कुछ दिनों पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यह कपल आने वाले दिसंबर में शादी के बंधन में बंध जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, कहा जा रहा है कि इनकी फिल्म ब्रह्मास्त्र के रिलीज होने के बाद आलिया-रणबीर शादी के बंधन में बंध जाएंगे। आलिया ने कहा, मुझे नहीं पता कि आजकल कौन सी अफवाह चल रही है। मुझे लगता है कि हर 3 हफ्ते बाद मेरी शादी की कोई नई तारीख या अफवाह सामने आ जाती है। मुझे यह बहुत मजेदार लगता है। इन खबरों से केवल मेरा मनोरंजन ही होता है। बताया जाता है कि अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बन रही ब्रह्मास्त्र की शूटिंग के दौरान ही आलिया और रणबीर के बीच में प्यार पनपा। एक इंटरव्यू में अपने रोमांस के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह कोई रिलेशनशिप नहीं है, यह एक दोस्ती हैं। मैं पूरी असलियत और ईमानदारी के साथ यह बात कह रही हूं। यह बहुत खूबसूरत अहसास है। मैं इस समय सितारों और बादलों पर उड़ रही हूं। उन्होंने आगे कहा था, सबसे अच्छी बात है कि हम दो व्यक्ति अपनी प्रफेशनल जिंदगी फुल फॉर्म में इस समय जी रहे हैं। किसी कम्फर्टेबल रिलेशनशिप का यह सबसे सच्चा सबूत है। बस इसे नजर न लगे। माना जा रहा है कि ब्रह्मास्त्र आने वाले 12 दिसंबर 2020को सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। फिल्म में आलिया और रणबीर के अलावा अमिताभ बच्चन, नागार्जुन, डिंपल कपाड़िया और मौनी रॉय मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।


## शेरशाह में एक खास किरदार में दिखेंगे शाहरुख खान




शाहरुख खान पिछले काफी समय से सिल्वर स्क्रीन से गायब हैं। कुछ दिनों पहले शाहरुख के फैन्स ने उनकी अगली फिल्म की घोषणा के लिए सोशल मीडिया पर एक टॉपिक ट्रेंड भी कराया था लेकिन उन्होंने अभी तक किसी फिल्म की घोषणा नहीं की है। हालांकि यह बात कन्फर्म हैं कि वह अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र में एक मेहमान भूमिका करते नजर आएंगे जिसमें लीड रोल में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट म ु ख य भूमिकाओं में हैं। अब खबर है कि सलमान एक और फिल्म में मेहमान भूमिका में दिखाई देंगे।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान करण जौहर के प्रॉडक्शन के तले बनने वाली फिल्म शेरशाह में भी एक कैमियो निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म भारत-पाकिस्तान के बीच हुई करगिल वॉर के हीरो परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की बायॉपिक है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी लीड रोल में हैं। सूत्रों के मुताबिक, शाहरुख ने यह कैमियो किया जरूर है लेकिन मेकर्स अभी इसे गुप्त रखना चाहते हैं और वक्त आने पर ही इसके बारे में बताएंगे। हालांकि यह बताया जा रहा है कि भले ही शाहरुख का यह किरदार लंबाई में बेहद छोटा हो लेकिन फिल्म और कैप्टन बत्रा की जिंदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# व्रत पारण के लिए बनाए स्पेशल रवा शीरा



### सामग्री

रवा यानि की सूजी - 1 कप, चीनी - 1/2 कप, घी - 2 कप, इलायची - 2 से 4 दानें, ड्राई फ्रूट्स (काजू, बादाम, किशमिश) - 2 चम्मच, पानी - 2 कप

### विधि

एक कढ़ाई को गैस पर गर्म करके उसमें घी डालिए. इसके बाद घी में रवा डालकर भूनिए। अब रवा को हल्की-हल्की आंच में भूरा होने तक भूनिए। दूसरे पैन में पानी तथा चीनी डाल कर उसका शीरा बनाने के लिए रखें। चीनी वाले पैन की आंच को धीमे से तेज करते हुए उबालें। अब दोनों को मिक्स करके अच्छे से पकाइए। इसे लगातार चलाते रहें, ताकि शीरा पैन पर चिपरे नहीं। जब सूजी भुन जाए तब उसमें इलायची पावडर और किशमिश डालें। इसके बाद इसमें चीनी वाला शीरा मिक्स करें। आपका रवा शीरा तैयार है. अब इसे एक प्लेट में ड्राई फ्रूट्स डालकर परोसिए। रवा शीरा व्रत के अलावा नाश्ते या फिर रात के खाने के बाद स्वीट डिश के तौर पर भी परोसा जा सकता है।


## शब्द सामर्थ्य- 43

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 43

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |